कार्यालय : जिला कार्यक्रम अधिकारी, चित्रकूट।

पत्रांक ए-1371 / जि0का0अधि0 / बा0वि0परि0 / विज्ञप्ति / 2023–24 दिनाँक :– 12 मार्च, 2024

आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19 / 2023 / 3975 / 58–1–2022–2 / 1(22)10 टी.सी. दिनांक 21 मार्च, 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद के शहरी / ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रकिया के तहत विभागीय वेब साइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत् है :–

क्र0 सं0	परियोजना का नाम	ग्रामीण / शहरी	रिक्त पदों का विवरण
			आंगनवाड़ी कार्यकत्री
1	कर्वी	ग्रामीण	89
2	रामनगर	ग्रामीण	32
3	मानिकपुर	ग्रामीण	45
4	शहर	शहरी	05
5	पहाड़ी	ग्रामीण	24
6	मऊ	ग्रामीण	26
		कुल योग–	**221**

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा / वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः–

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें।
2. रिक्त पदो (आंगनवाड़ी कार्यकत्री / सहायिकाओं) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगीं।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड / ग्राम सभा की स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि 01 जनवरी, 2024 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य / स्वीकार नही किये जायेगें।
6. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि दिनांक 12.04.2024 की मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।
7. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रकिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(पी0डी0विश्वकर्मा)
जिला कार्यक्रम अधिकारी /
नियुक्ति प्राधिकारी
चित्रकूट।

पृष्ठॉकन सं0 ए-1371 / तद दिनॉक 12/03/24

प्रतिलिपिः निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को अवलोकनार्थ।
2. जिलाधिकारी महोदय, चित्रकूट को अवलोकनार्थ ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, चित्रकूट।
4. मुख्य कोषाधिकारी, चित्रकूट।
5. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, चित्रकूट।

6. समस्त उप जिलाधिकारी, चित्रकूट।
7. समस्त तहसीलदार, चित्रकूट को नोटिस बोर्ड में चस्पा करने हेतु।
8. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, चित्रकूट को नोटिस बोर्ड में चस्पा करने हेतु ।
9. समस्त सदस्य, आंगनवाड़ी चयन समिति, चित्रकूट।
10. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, को इस निर्देश के साथ कि उक्त विज्ञप्ति की अपने कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा करते हुए प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करें।
11. जिला सूचना अधिकारी, चित्रकूट को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति का जनपद में व्यापक प्रसार वाले एक स्थानीय एवं एक प्रदेश स्तर के दैनिक समाचार पत्रों में न्यूनतम स्थान एवं दर में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
12. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (NIC) चित्रकूट को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञप्ति को NIC की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
13. अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, चित्रकूट को नोटिस बोर्ड में चस्पा करने हेतु।
14. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका/ नगर पंचायत कर्वी, मानिकपुर, मऊ एवं राजापुर को नोटिस बोर्ड में चस्पा हेतु।
15. नाजिर कलेक्ट्रेट, चित्रकूट को नोटिस बोर्ड में चस्पा हेतु।
16. नाजिर विकास भवन, चित्रकूट को नोटिस बोर्ड में चस्पा हेतु।
17. कार्यालय प्रति ।

जिला कार्यक्रम अधिकारी/
नियुक्ति प्राधिकारी
चित्रकूट।